
# एआइ : पहली बार जयपुर-जोधपुर में युवा पढ़ेंगे कोर्स

**नन्दिनी व्यास**
patrika.com

**जोधपुर** . प्रदेश में वोकेशनल ट्रेनिंग में अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) का प्रशिक्षण जोधपुर और जयपुर में शुरू हो चुका है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआइ) में इसके लिए इसी सत्र से कोर्स शुरू किए गए हैं। अब तक परम्परागत सेक्टर में प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने वाला एनएसटीआइ पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में प्रशिक्षण दे रहा है। एनएसटीआइ के जयपुर स्थित गर्ल्स कॉलेज और जोधपुर स्थित कॉलेज में ऑनलाइन क्लासेज शुरू हो चुकी है।

युवाओं को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से रूबरू कराने के लिए एनएसटीआइ ने यह पहल की है। एनएसटीआइ के कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के युवा विभिन्न ट्रेड में एडमिशन लेकर कुछ नया सीख रहे हैं। अब नई पीढ़ी के लिए एडवांस कोर्स शामिल किए गए हैं।

पढ़ें **एआइ** @ पेज 21



## प्रशिक्षण के बाद मिलेगी जॉब

**एनएसटीआइ** से प्रशिक्षित होने के बाद अभ्यर्थी खुद आइटीआइ व अन्य संस्थाओं में प्रशिक्षण देने के योग्य बन जाते हैं। अब एआइ प्रोग्रामिंग असिस्टेंस कोर्स करने के बाद एआइ से संबंधित नौकरी के योग्य बन सकेंगे।

## 24 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी

**इन** संस्थानों में एआइ कोर्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होता है। 24 सीटों पर प्रशिक्षण लेने के लिए अभ्यर्थियों ने मेरिट बेस पर प्रवेश ले लिया है। पहली बार ऑनलाइन इसकी कक्षाएं लगना शुरू हो चुकी हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पास करने के बाद प्रशिक्षु को डीजीटी की ओर से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र (एनटीसी) प्रदान किया जाता है। एनएसटीआइ से बैच निकलने के बाद अब आइटीआइ जैसी संस्थाओं में भी एआइ के शिक्षक उपलब्ध हो सकेंगे।